पंजाब केसरी
THU,11 JUNE 2026
EDITION: KANGRA KESAR

# टैट जून-2026 : एडमिट कार्ड जारी, 24 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

धर्मशाला, 10 जून (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने टी.ई.टी. जून-2026 परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। इस परीक्षा में प्रदेशभर से 24 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे।

परीक्षा 13 और 14 जून 2026 को 2 सत्रों में आयोजित होगी, जिसमें टी.जी.टी. (आर्ट्स), टी.जी.टी. (मैडीकल), जे.बी.टी. और टी.जी.टी. (संस्कृत) विषय शामिल हैं। अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट से एप्लीकेशन नंबर और जन्म तिथि की मदद से डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र के साथ वैध पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य किया गया है।

Divya Himachal 11-06-2026

# वेबसाइट से डाउनलोड करें प्रवेश पत्र

## प्रदेश भर में 24 हजार नौजवान देंगे जेबीटी-टीजीटी टेट

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शिक्षक पात्रता परीक्षा जून-2026 के लिए प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) जारी कर दिए हैं। इस बार प्रदेश भर से 24 हजार से अधिक अभ्यर्थी शिक्षक बनने की अपनी पात्रता साबित करने के लिए परीक्षा में बैठेंगे। बोर्ड ने परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टीजीटी (आर्ट्स), टीजीटी (मेडिकल),जेबीटी और टीजीटी (संस्कृत) विषयों की पात्रता परीक्षाएं पूरी तरह से तय शेड्यूल के मुताबिक ही आयोजित की जा रही हैं।

डॉ. शर्मा के अनुसार, परीक्षा के पहले दिन यानी 13 जून को दो महत्त्वपूर्ण विषयों की परीक्षाएं होंगी। सुबह के सत्र में टीजीटी (आर्ट्स) की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसका समय सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में कुल 68 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 10,515 अभ्यर्थी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इसी दिन दोपहर के सत्र में 02.00 बजे से शाम 04.30 बजे तक टीजीटी (मेडिकल) की परीक्षा होगी। इस परीक्षा के लिए 51 केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें कुल 3,318 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के दूसरे दिन यानी 14 जून को जेबीटी और टीजीटी (संस्कृत) के अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी। सुबह के सत्र में 10.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक होने वाली जेबीटी टेट में 8,925 अभ्यर्थी भाग लेंगे, जिनके लिए राज्य भर में 64 परीक्षा केंद्र तैयार किए गए हैं। इसके बाद दोपहर के सत्र में 02.00 बजे से शाम 04.30 बजे तक टीजीटी (संस्कृत) की परीक्षा का आयोजन होगा, जिसमें 39 केंद्रों पर 1,394 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सभी विषयों की परीक्षाओं के लिए समय अवधि ढाई घंटे (2 घंटे 30 मिनट) तय की गई है।

### एप्लीकेशन नंबर-जन्म तिथि करें दर्ज

बोर्ड प्रबंधन ने सूचित किया है कि इन सभी परीक्षाओं के प्रवेश पत्र आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी बिना किसी देरी के वेबसाइट पर जाकर अपना एप्लीकेशन नंबर और जन्म तिथि दर्ज कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

# धर्मशाला में क्रिकेट मैच के दृष्टिगत अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना, TGT (आर्ट्स) एवं TGT (मेडिकल) TET अभ्यर्थी समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें

**जागो ! धर्मशाला/ राकेश कुमार**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने टीईटी जून-2026 के अभ्यर्थियों को सूचित करते हुए बताया कि दिनांक 13 जून 2026 को धर्मशाला में भारत एवं अफगानिस्तान के मध्य एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आयोजित होने जा रहा है। इस कारण धर्मशाला एवं आसपास के क्षेत्रों में यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना है।उन्होंने बताया कि टीजीटी (आर्ट्स) टीईटी परीक्षा दिनांक 13 जून 2026 को प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक तथा टीजीटी (मेडिकल) टीईटी परीक्षा उसी दिन दोपहर 02:00 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। विशेष रूप से धर्मशाला मार्ग से जुड़े परीक्षा केंद्रों, जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बालिका), धर्मशाला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मटौर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शाहपुर तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दाड़ी शामिल हैं, में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा की अग्रिम योजना बनाएं तथा यथासंभव एक दिन पूर्व धर्मशाला क्षेत्र में पहुंचना सुनिश्चित करें। डॉ. शर्मा ने कहा कि अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पर्याप्त पूर्व पहुंचें तथा अपने प्रवेश पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं। उन्होंने कहा कि यह सलाह केवल अभ्यर्थियों की सुविधा एवं परीक्षा में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी की गई है।



राजेश शर्मा

# TET Exam to be Held in Two Sessions on June 13 and 14



SANJAY AGGARWAL


DHARAMSHALA JUN 10 : The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has released the admit cards for the Teacher Eligibility Test (TET) scheduled for June 2026. This time, over 24,000 candidates from across the state will appear for the exam to prove their eligibility to become teachers. The Board has completed all preparations for the smooth conduct of the examinations. Sharing details regarding this, HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma stated that the eligibility tests for TGT (Arts), TGT (Medical), JBT, and TGT (Sanskrit) are being conducted strictly according to the scheduled timetable.

According to Dr. Sharma, exams for two important subjects will be held on the first day, June 13, 2026. The TGT (Arts) exam will take place in the morning session, scheduled from 10:00 AM to 12:30 PM. A total of 68 examination centers have been set up across the state for this exam, where 10,515 candidates will appear. On the same day, the TGT (Medical) exam will be held in the afternoon session from 2:00 PM to 4:30 PM. Fifty-one centers have been established for this exam, accommodating a total of 3,318 candidates. On the second day, June 14, 2026, exams will be held for JBT and TGT (Sanskrit) candidates. In the morning session (10:00 AM to 12:30 PM), 8,925 candidates will participate in the JBT TET exam, for which 64 centers have been prepared across the state. Subsequently, the TGT (Sanskrit) exam will be conducted in the afternoon session from 2:00 PM to 4:30 PM, with 1,394 candidates appearing across 39 centers. The Board Chairman clarified that the duration for the examinations across all subjects has been set at two and a half hours (2 hours 30 minutes). The Board management has informed that the admit cards for all these examinations have been uploaded to the official website, www.hpbose.org. Candidates can visit the website without delay and download their admit cards by entering their application number and date of birth. To ensure the smooth conduct of the examinations, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma has appealed to all candidates to arrive at the examination centers ahead of time. Additionally, he has urged them to mandatorily carry a valid identity proof (such as Aadhaar, Voter ID, Driving License, etc.) along with their admit card to the examination center. The Board Chairman has also extended his best wishes to all the candidates appearing for the examinations.

JUNE 11, 2026 THURSDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# HPBOSE RELEASES TET 2026 HALL TICKETS AS STATE PREPS FOR MASSIVE WEEKEND EXAMS



**"WE HAVE FINALIZED OUR BATTLE PLANS TO ENSURE A SEAMLESS EXECUTION ACROSS THE STATE."**
**-DR. RAJESH SHARMA**

***Sunny Mahajan | Dharamshala***

The countdown has officially begun for over 24,000 teaching hopefuls in Himachal Pradesh as the state school education board rolls out the hall tickets for the upcoming Teacher Eligibility Test (TET) June 2026. With the career-defining exams locked in for this weekend, the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has finalized its battle plans to ensure a seamless execution across the state.

Board President Dr. Rajesh Sharma confirmed that everything is moving strictly according to the blueprint for the TGT Arts, TGT Medical, JBT, and TGT Sanskrit papers. The high-stakes evaluation kicks off on Saturday, June 13, featuring a massive turnout for TGT Arts in the morning slot from 10:00 AM to 12:30 PM, where 10,515 candidates will file into 68 designated centers. The momentum shifts to the afternoon window from 2:00 PM to 4:30 PM as 3,318 medical aspirants battle it out across 51 centers.

The intensity maintains its pitch into Sunday, June 14, with another dense wave of 8,925 Junior Basic Training (JBT) candidates taking over 64 centers in the morning session. The weekend sprint wraps up later that afternoon with 1,394 Sanskrit hopefuls checking into 39 test venues. Every single aspirant gets exactly two and a half hours to prove their mettle and lock down their teaching credentials.

Candidates can now pull their official admit cards directly from the board's portal at www.hpbose.org by punch-in their application numbers and dates of birth. To avoid any last-minute chaos or getting locked out of the race, Dr. Sharma has urged all test-takers to beat the clock by arriving at their centers well ahead of time, strictly equipped with their printed hall tickets and a valid government ID.